दिनांक–30.09.2024 समय–7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- भोपाल में आज से देश के स्कूलों की बेहतरी के लिए राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला का आयोजन।
- प्रदेश में जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार पदों पर होगी भर्ती।
- स्वच्छता ही सेवा के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- मॉनसून सीजन का आज अंतिम दिन। प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश जारी।

मोदी सरकार के सौ दिन/पीएम विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

सफलता की कहानी–रीवा–पीएम विश्वकर्मा योजना

केन्द्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने तथा परंपरागत व्यवसाय करने वालों को 18 विभिन्न व्यवसायों के लिये प्रशिक्षण देकर तथा ऋण उपलब्ध कराकर उनको आगे बढ़ाने में यह योजना मददगार साबित हो रही है।

सगरा के रहने वाले आशीष विश्वकर्मा बढईगिरी की व्यवसाय करते है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण लेकर वे अपनी कला में और हुनर प्राप्त कर व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वे अन्य जरूरतमंद काश्तकारों से भी अपेक्षा करते है कि वे इस योजना से लाभान्वित हों और अपने रोजगार को बढा सकें।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि...

जिले मे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आकाशवाणी को बताया कि–

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना परंपरागत व्यवसाय करने वाले आशीष विश्वकर्मा जैसे युवाओं को अपने व्यवसाय में और अधिक कौशल और लाभ प्राप्त करने में सुविधा जनक साबित हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिये रीवा से मैं आरती श्रीवास्तव।

स्टार्स परियोजना–कार्यशाला, भोपाल

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के स्कूलों की बेहतरी के लिए विश्व बैंक के सहयोग से स्ट्रेंथनिंग टीचिंग–लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स अर्थात स्टार्स परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

स्टार्स परियोजना के अंतर्गत आज से भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला में केन्द्रीय स्कूल शिक्षा सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश सहित 17 प्रदेशों के शिक्षा सचिव, राज्य परियोजना संचालक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य स्टार्स प्रोजेक्ट के राज्यों में नॉलेज शेयरिंग, शैक्षिक कार्यक्रमो की चुनौतियों की पहचान और राज्यों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को एक–दूसरे के साथ साझा कर अपनाना है।

स्टार्स परियोजना देश के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, केरल, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में संचालित है। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित शिक्षा की बेहतरी से जुड़े तमाम विषयों पर विचार–मंथन किया जायेगा। मप्र के स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं केन्द्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग–30 हजार पद

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती शीघ्र ही की जा रही है। इनमें तीन हजार डॉक्टर शामिल हैं। पर्याप्त संख्या में डॉक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ मिल जाने पर जिला मुख्यालय के अस्पतालों और सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थायें बेहतर होगीं। उप मुख्यमंत्री कल रीवा में पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन रीवा में होगा। इससे पूरे विन्ध्य में भारी मात्रा में औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। रीवा में फूडपार्क, आईटीपार्क का भी शीघ्र निर्माण शुरू होगा। इनमें हजारों व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिलेगें। एयरपोर्ट का भी शीघ्र शुभारंभ होने वाला है। रीवा से भोपाल और इंदौर के साथ–साथ हैदराबाद के लिए भी सीधी विमान सेवा के प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वच्छता ही सेवा

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रमों का दौर जारी है। मंदसौर जिले के भानपुरा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। गुना में कल कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ओल्ड कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान किया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर कल बेस किचन, रेस्टोरेंट, फुड स्टॉल एवं फुड ट्रॉलियों की साफ–सफाई के रूप में अभियान मनाया गया। कटनी में कल महिला बाल विकास विभाग ने शहर के 231 केदो की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पर्यवेक्षक परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यालय महिला बाल विकास के सभी अधिकारी कर्मचारी ने सफाई अभियान का संदेश देते हुए रैली निकाली।

ग्राम सभाओं का आयोजन–गुना

गुना जिले में 02 अक्टूबर से ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जायेगा। आयोजित ग्राम सभाओं के दौरान पंचायत एवुं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा के तहत लेबर बजट

की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा, पीएम पोषण अंतर्गत शालाओं में वितरित किये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के नियमित वितरण, किचनशेड के संबंध में चर्चा, इंटरनेशनल मिलेट ईयर के संबंध में बच्चों में जागरूकता लाना एवं शाला स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन, ग्राम गौरव दिवस कार्यक्रम पर चर्चा की जावेगी। साथ ही महात्मा गांधी जयंती पर मद्य निषेध सप्ताह 02 से 08 अक्टूबर के आयोजन पर चर्चा की जाएगी।

बारिश

मौसम विभाग के अनुसार आज से प्रदेश में मानसून सीजन की का अंतिम दिन है। इस बीच प्रदेश के कई हिस्सों में कल भी बारिश जारी रही। भोपाल मं देर शाम तेज बारिश हुई वहीं सीहोर इंदौर जिले में भी पानी बरसा। आगरमालवा जिले में पिछले दिनों से हो रही बारिश के चलते कल कुंडलिया डैम के दो गेट खोले गए हैं। रतलाम शहर में कल तीन घंटे तेज बारिश हई इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज के लिए बड़वानी अलीराजपुर धार झाबुआ जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अन्य जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश होगी। इस बीच राजगढ़ जिले में 3–4 दिनों से हो रही वर्षा के कारण खेतों में उगी व कटी हुई फसल विशेष रूप से सोयाबीन प्रभावित हुई है। प्रदेश के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कल ग्राम जेपला और सिल्लपटी में कृषि एवं राजस्व अधिकारीयों के साथ खराब हुई सोयाबीन फसल का निरीक्षण कर अधिकारियों को क्षतिपूर्ति हेतु फसल की बीमा राशि अनुबंधित कंपनियों को सर्वे करवाकर जारी करने के लिए कहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस तथा 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मनाए जाने वाला मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह निर्देश टीकमगढ़ जिले के प्रवास के दौरान दिए।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सिविल लाइन रीवा स्थित अटल पार्क का लोकार्पण 3 अक्टूबर को होगा। समारोह में देश के प्रसिद्ध सूफी और पार्श्व गायक कैलाश खेर प्रस्तुती देंगे।
- समर्थन मूल्य पर सोयाबीन के उपार्जन के लिए सतना एवं मैहर जिले में 5 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिले में सोयाबीन के पंजीयन के लिए 20 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है।
- शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये सतना एवं मैहर जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। आज शासकीय आईटीआई रामनगर इसका आयोजन होगा।
- खंडवा नगर निगम सभागृह में जनकार्य एवं उद्यान विभाग के समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास कार्यों से संबंधित आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई।
- अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्ड्री प्राचायों की समीक्षा बैठक में मेरा स्कूल मेरा व्यक्तित्व के तहत स्कूलों का संचालन करने के निर्देश दिए।
- पन्ना टाइगर रिजर्व एक अक्टूबर से एक बार फिर से पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। 30 जून की शाम से ही पर्यटकों के लिए सफारी बंद की गई थी।

...................................